राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय

कोविड– 19 के बचाव हेतु दिशा– निर्देश

प्राचार्य/ केन्द्रधीक्षक समस्त सम्बद्व परीक्षा केन्द्र, राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय, जयपुर, बसंत सेमेस्टर परीक्षा 2020 के सैद्वान्तिक/ प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन में कोरोना महामारी कोविड– 19 के बचाव के लिए आवश्यक दिशा– निर्देशः–

1. सभी परीक्षार्थियों एवं स्टॉफ के चेहरे पर मास्क पहनना आवश्यक होगा। बिना मास्क के परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।
2. परीक्षा केन्द्र में परीक्षार्थियों को दो गज की सामाजिक दूरी (Social Distancing) के अनुरूप बैठाने की व्यवस्था रहेगी और परीक्षार्थियों के परीक्षा केन्द्र में आने एवं जाने के समय एवं परिसर में भी सामाजिक देरी की पालना की जायेगी।
3. परीक्षार्थियों को परीक्षा से एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश की अनुमति दी जावे ताकि थर्मल स्केनिंग, दूरी (Social Distancing) सेनेटाईजिंग आदि की व्यवस्था परीक्षा केन्द्र द्वारा समय पर की जा सके।
4. परीक्षा केन्द्र के प्रवेश एवं निकासी बिन्दुओं और सामान्य क्षेत्रों में थर्मल स्केनिंग, हेण्डवॉश और सैनेटाईजर की व्यवस्था करवानी होगी। प्रत्येक परीक्षार्थी की थर्मल स्केनिंग, हेण्डवॉश और सैनेटाईजर होने के पश्चात् ही केन्द्र पर अनुमति दी जायेगी।
5. सम्पूर्ण परीक्षा केन्द्र में आम सुविधा और मानव सम्पर्क में आने वाले सभी बिन्दुओं जैसे दरवाजों के हैण्डल, टेबल, कुर्सी अन्य सभी फर्नीचर आदि को परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व परीक्षा कक्ष को प्रति दिन एवं प्रत्येक पारी में सैनेटाईज करवाना होगा।
6. परीक्षार्थियों की पेयजल की व्यवस्था कक्षा–कक्ष में सीट पर उपलब्ध करवाया जायेगा।
7. परीक्षा केन्द्र की परिधि में परीक्षार्थियों एवं परीक्षा से सम्बन्धित स्टॉफ के अलावा अन्य सभी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।
8. परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर हैण्डवॉश के लिये पर्याप्त पानी, साबुन और सैनेटाईजर की सुनिश्चिता की जायेगी।
9. कोविड– 19 महामारी से संक्रमण के बचाव हेतु भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश (एडवाईजरी) की पालना सभी परीक्षार्थियों/ विश्वविद्यालय कर्मियों/महाविद्यालयों को करनी होगी।

कुलसचिव